अनुक्रमांक : ..... कूट सं. : 8-20-21 H–A

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं और कुल 7 मुद्रित पृष्ठ हैं।

कक्षा–आठवीं

हिंदी

वार्षिक परीक्षा (2020-21)

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं– क, ख, ग और घ।
2. सभी खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न पत्र में दी गई है।

खंड-क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

आत्मनिर्भरता से तात्पर्य है–अपने ऊपर निर्भर रहना। आत्मनिर्भरता का अर्थ यह है कि जिस किसी कार्य को करने की इच्छा करे, उसके लिए पूर्ण तत्परता और लगन का परिचय दे। स्वयं अपने सहारे उसे सिद्ध करने का प्रयास करे। आत्मनिर्भरता एक श्रेष्ठ गुण है जिसका आधार आत्मविश्वास है। इस गुण से सम्पन्न व्यक्ति संपूर्ण विश्व को अपना कर्मक्षेत्र मानकर परिश्रम करता है और अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। इसी गुण के सहारे वह बड़ी-से-बड़ी बाधा को भी दूर कर देता है और सफलता का आलिंगन करता है। आत्मनिर्भरता गुण का अभाव व्यक्ति को दूसरों का दास बना देता है। छोटे-छोटे कार्यों के

लिए भी वह दूसरों का सहारा ढूँढता रहता है। दूसरे शब्दों में वह अकर्मण्य हो जाता है। इतिहास साक्षी है कि जिस राष्ट्र का भी पतन हुआ है वहाँ के नागरिक आलसी और परिश्रम न करने की प्रवृत्ति से ग्रसित रहे हैं। प्रसिद्ध कहावत है जो अपनी सहायता नहीं करता परमात्मा भी उसका सहायक नहीं होता। परावलंबी होने से बड़ा कोई दोष नहीं है। जीवन में विकास करने की प्रवृत्ति आत्मनिर्भर होने पर ही आती है। यह ऐसी आवश्यकता है जो हमें जीने का मार्ग दिखाती है। निराशा इससे दूर भागती है और मनुष्य पुरुषार्थी होकर अंधकार से प्रकाश की ओर आगे बढ़ता है। अतः प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्त्तव्य है कि वह आत्मनिर्भर बने। यही मनुजता का मर्म है तथा सुखी होने का सही मार्ग है। मानव जीवन की बड़ी आवश्यकता स्वावलंबी होना है।

(i) आत्मनिर्भरता से आप क्या समझते हैं? 2

(ii) आत्मनिर्भरता का आधार क्या है? आत्मनिर्भर व्यक्ति में कौन-कौन से गुण परिलक्षित होते हैं? 2

(iii) आत्मनिर्भरता गुण का अभाव किन नकारात्मक प्रवृत्तियों को जन्म देता है? 2

(iv) आत्मनिर्भरता व्यक्ति को विकास के मार्ग पर किस प्रकार प्रशस्त करती है? 2

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दें। यह भी बताइए कि परमात्मा की कृपादृष्टि किस व्यक्ति पर विशेष रूप से रहती है? 2

खंड-'ख'

2. (क) निम्नलिखित शब्द में उपयुक्त चिह्न (अनुस्वार / अनुनासिक) का प्रयोग कर पुनः लिखिए– ½

चादनी

(ख) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर नुक्ता लगाइए– ½

टेलीफोन

(ग) निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए– 1

गाहक

कमचारी

3. (क) निम्नलिखित शब्द का तत्सम रूप लिखिए– 1

पत्ता

(ख) 'अ' उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए। 1

4. (क) 'सूर्य' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए। 1

(ख) 'आदि' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। ½

(ग) दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए– ½

जिसकी गहराई का पता न मिल सके –

5. (क) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए– 2

(i) महोदय

(ii) संपूर्ण

(ख) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए– 1

जगत् + ईश

6. (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए– 2

(i) त्रिलोक

(ii) अमीर-गरीब

(ख) निम्नलिखित विग्रह का समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए– 1

विद्या रूपी धन

7. (क) दिए गए वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए– 2

(i) सुबह हो गई थी और चिड़ियाँ चहचहा रही थीं। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ii) बच्चे खीर खाकर सो गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद बताइए– 1

उसका रोम-रोम पुलकित हो उठा।

(ग) दिए गए वाक्य को शुद्ध करके लिखिए– 1

वसंत ऋतु अच्छा लगता है।

(घ) दिए गए वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए– 1

सच्ची लगन निष्ठा व दृढ़ता से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है

8. 'मन में लड्डू फूटना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

9. 'श्लेष' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

खंड-'ग'

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए– $2 \times 3 = 6$

(क) उन्मुक्त गगन में उड़ने की कामना करने वाले पक्षी की उड़ान में कौन बाधाएँ खड़ी करता है? पक्षी उससे क्या निवेदन करता है?

(ख) पिंजरे में बंद रहकर मिलने वाले खाने व पानी की जगह पक्षियों को क्या पसंद है और क्यों?

(ग) आँधी के किस रूप को देखकर सब भयभीत हो जाते हैं? 'निर्माण' कविता के आधार पर लिखिए।

(घ) 'घोर गर्जनमय गगन' का क्या अर्थ है? इस गर्जन के मध्य किसका निर्भीक गान सुनाई पड़ता है?

11. 'निर्माण' कविता द्वारा कवि हरिवंश राय बच्चन क्या संदेश देना चाहते हैं? 4

अथवा

पिंजरे में बंद पक्षी व उन्मुक्त गगन में उड़ने वाले पक्षी के मनोभावों में क्या अंतर होगा? 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के आधार पर अंतर स्पष्ट कीजिए।

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) दीजिए- 2×3=6

(क) गवर्नर बनने के बाद भी दारा एक पुराने कोट को ही अपना असल धन क्यों मानता था?

(ख) छगनलाल जोशी का गाँधी जी से क्या संबंध था? गाँधी जी को उनकी कौन-सी बात बुरी लगी?

(ग) पड़ोसी की केबल का तार काटने को लेकर लेखक क्या तर्क देते हैं?

(घ) 'अन्याय के खिलाफ लड़ाई' की घटना किस सन् की है? इस लड़ाई में कोया आदिवासीयों का नेता कौन बना?

(ङ) ईर्ष्यालु व्यक्ति उन्नति कब कर सकता है?

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (40-50 शब्दों में) दीजिए- 3×3=9

(क) 'पौधे के पंख' पाठ में लेखक ने दो दिन की डायरी में अपने मन की किस झुंझलाहट को अभिव्यक्त किया है?

(ख) बच्चों को ऐसा क्यों लगा कि मुर्गियों को किसी ने उनके विरुद्ध भड़का रखा है?

(ग) उत्तरी ईरान के एक प्रांत का गवर्नर बनने के बाद दारा ने अपनी बुद्धिमानी का परिचय किस रूप में दिया?

(घ) गौरी के विदा होकर न आने पर जीवनलाल की सोच में क्या परिवर्तन आया?

(ङ) 'भोलाराम ने पंप लगाया' पाठ में लेखक ने किस सच्चाई को उज़ागर किया है?

14. ईर्ष्या को मनुष्य का चारित्रिक दोष क्यों माना गया है? क्या ईर्ष्या का कोई सकारात्मक पक्ष भी है? विस्तार से लिखिए। 5

अथवा

भारतवासी कल्पना चावला पर गर्व क्यों करते हैं? कल्पना चावला के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

खंड-'घ'

15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (80-100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए– 5

(i) झंडा ऊँचा रहे हमारा

- राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा : आन, बान व शान
- तिरेंगे के तीनों रंगों का महत्त्व
- विश्व स्तर पर भारत का बढ़ता मान

(ii) स्वास्थ्य और व्यायाम

- स्वास्थ्य और व्यायाम का संबंध
- व्यायाम के लाभ
- स्वस्थ जीवन की आवश्यकता

(iii) सब शिक्षित हों क्योंकि

- शिक्षा अमूल्य धन
- शिक्षा सफलता का आधार
- शिक्षित देश ही उन्नत देश

16. विदेश में रहने वाले मित्र को 'नमस्ते' अभिवादन शैली का महत्त्व बताते हुए पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने क्षेत्र में बरसात के मौसम में होने वाले जल भराव की शिकायत करते हुए नगर निगम के अधिकारी को पत्र लिखिए।

17. आप अपने विद्यालय के 'पर्यावरण क्लब' के अध्यक्ष हैं। 'पेड़ बचाओ' विषय पर विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता से संबंध आवश्यक जानकारी देते हुए सूचना लिखिए। 5

18. नियमित रूप से हाथ धोने की आवश्यकता व हाथ धोने की उचित विधि पर माँ और बच्चे की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए। 5

❐❐❐